दूरस्थ शिक्षा के लिए टेक्नॉलोजी उधार देने की पावती (Hindi)

एल्क ग्रोव यूनीफ़ाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट (Elk Grove Unified School District, EGUSD) को ऐसे छात्रों को तकनीकी उपकरण बांटने की ज़रूरत है, जिनके पास घर पर उपकरण नहीं हैं या उन तक बहुत सीमित पहुँच है। हमारा लक्ष्य है, स्कूल बंद होने के समय छात्रों को दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने के लिए यह सुनिश्चित करना कि हर छात्र के पास तकनीकी उपकरणों की एक समान पहुँच है।

जैसा कि स्कूल से उधार दी गई किसी भी स्कूल संपत्ति (किताबों, लाइब्रेरी कि किताबों या खेल के सामान) के साथ होता है, वैसे ही स्कूल द्वारा छात्र को चेकआउट किये गए किसी भी तकनीकी उपकरण को घर पर सुरक्षित और संभाल कर रखने की ज़िम्मेदारी कानूनी अभिभावक /अभिभावकों और छात्र की है। यदि EGUSD द्वारा दिए गए उपकरणों को जान बूझकर नुकसान पहुंचाया जाता है या EGUSD को वापिस नहीं किया जाता, **तो कानूनी माता-पिता/अभिभावक और छात्रों को उसकी मरम्मत करने का खर्च उठाने या उसके बदले दूसरा उपकरण देने के लिए स्कूल साइट के साथ काम करने की ज़िम्मेदारी लेनी होगी (AR 5125.2)।**

सभी EGUSD तकनीकी उपकरण स्कूल निर्देश दिए जाने पर उसी कामकाजी स्थिति में स्कूल साइट पर वापिस करने **ज़रूरी हैं**।

कृपया नीचे दिए गए ज़िम्मेदार उपयोग और देखभाल दिशानिर्देशों को अच्छी तरह समझ लें:

EGUSD तकनीकी उपकरण की जिम्मेदारी और देखभाल

- छात्रों को EGUSD द्वारा जारी लिए गए सभी उपकरणों को निरीक्षण के लिए स्कूल प्रशासक या टीचर को उपलब्ध कराना **ज़रूरी है**।
- यदि EGUSD उपकरण प्रयोग करते समय किसी तरह का अनुचित संदेश आता है, तो छात्रों को यह स्कूल प्रशासक या टीचर को **ज़रूर** रिपोर्ट करना चाहिए।
- छात्रों को सभी EGUSD उपकरणों को किसी भी क्षति, किसी तरह कि लिखावट, चित्रकारी, स्टिकर या गैर EGUSD लेबलों से **दूर** रखना चाहिए।
- छात्रों को इन तकनीकी उपकरणों को क्षति या चोरी होने से बचाने के लिए **कभी भी** असुरक्षित जगह पर नहीं छोड़ना चाहिए।
- छात्रों को अपना काम/जानकारी सुरक्षित रखने के लिए **हमेशा** लॉग आउट कर के उपकरण बंद करना चाहिए और अपने EGUSD द्वारा जारी उपकरण को सुरक्षित रखना चाहिए।
- छात्रों को कभी भी दूसरे छात्र के अकाउंट, फ़ाइलों, और/या डाटा तक पहुँचने की किसी भी परिस्थिति में कोशिश नहीं करनी चाहिए।
- छात्रों को कभी भी डिस्ट्रिक्ट सुरक्षा, फ़िल्टर, और/या उपकरण पर मौजूद सुरक्षा उपायों को बायपास करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।
- छात्रों को EGUSD टेक्नॉलोजी उपकरण को साफ़ करने के लिए एक सूखे, नर्म और साफ़ कपड़े का प्रयोग करना चाहिए; किसी भी तरह के क्लेन्ज़र या द्रव्य का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
- छात्रों को EGUSD से मिले उपकरण पर तरल पदार्थ गिरने से क्षति होने से बचाने के लिए उसके पास कभी भी कोई तरल पदार्थ **नहीं रखना चाहिए**। यदि EGUSD उपकरण को तरल पदार्थ से क्षति हो जाती है, तो उसे चार्जिंग पर ना लगाएं और ना ही स्विच ऑन करें। EGUSD के उपकरण को स्विच ऑफ कर दें, चार्जर को प्लग से निकाल दें, और निर्देशों, ड्रॉप-ऑफ, मरम्मत और उधार पर लेने वाले चेक-आउट के लिए तुरंत स्कूल की साइट से संपर्क करें।

घर पर EGUSD उपकरण के प्रयोग के लिए कानूनी माता/पिता/अभिभावक की ज़िम्मेदारी

- अपने बच्चों से उन मूल्यों और मानकों के बारे में बात करें जो आपके बच्चों को इंटरनेट के उपयोग पर करना चाहिए, जैसे कि आप सभी मीडिया सूचना साधनों जैसे कि टेलीविज़न, टेलीफोन, फ़िल्म और रेडियो के उपयोग पर करते हैं।
- अपने बच्चे के उपकरण प्रयोग और इंटरनेट गतिविधियों पर यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी रखें कि वे केवल उचित सामग्री ही देख रहे हैं।
- यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा उसको मिले EGUSD उपकरणों की सुरक्षा और हिफ़ाज़त रख रहा है और उनका प्रयोग ज़िम्मेदारी के साथ कर रहा है।

खराबी, क्षति, खोना और चोरी होना

- यदि कोई EGUSD द्वारा जारी किया गया उपकरण खराब है या टूटा हुआ है, तो निर्देशों, ड्रॉप-ऑफ, मरम्मत और उधार पर लेने वाले चेक-आउट के लिए तुरंत नीचे दिए गए सहायता नंबर पर संपर्क करें। छात्रों और कानूनी अभिभावक/अभिभावकों को पहले से मौजूद क्षति (छोटी-मोती खरोंचें, छोटे गड्ढों, इत्यादि) के लिए ज़िम्मेदार **नहीं** ठहराया जाएगा।
- यदि कोई भी EGUSD द्वारा जारी उपकरण खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो उसकी खबर तुरंत नीचे दिए गए नंबरों पर **देनी चाहिए**। उपकरणों के खोने या चोरी हो जाने का सबसे पहला परिणाम स्कूल के स्टाफ, छात्रों, और/या माता-पिता/अभिभावकों से बात करना होगा। *उसके बाद नियमित पहुंच बनाए रखने का निर्धारण केस-बाय-केस के आधार पर किया जाएगा।*

छात्रों के तकनीकी उपकरण के लिए सहयोग

यदि कोई EGUSD द्वारा जारी किए गए तकनीकी उपकरणों में खराबी आती है, क्षतिग्रस्त हो जाता है, खो जाता है या चोरी हो जाता है, तो नीचे दी गई जानकारी द्वारा हमसे संपर्क करें।

किसी भी EGUSD पाठ्यक्रम सहयोग और सीखने के अवसर के लिए, कृपया अपने छात्र की टीचर से बात करें।

- ईमेल: stusupport@egusd.net
- फ़ोन: (916) 686-0245 (नोट: यह एक सीमित सहयोग नंबर है, और हो सकता है कि आपको कॉल बैक के लिए अपने नंबर के साथ एक वॉयसमेल छोड़नी पड़े।)

क्रोम बुक उधार लेने से, कानूनी माता/पिता/अभिभावक और छात्र दूरस्थ शिक्षा के लिए इस तकनीकी ऋणदाता पावती की शर्तों से सहमत होते हैं, और छात्र को घर पर EGUSD द्वारा जारी किए गए तकनीकी उपकरणों का उपयोग करने का विशेषाधिकार दिया जाता है। EGUSD द्वारा जारी किए गए सभी तकनीकी उपकरण EGUSD की संपत्ति है और सभी उधारकर्ता EGUSD अभिभावक और छात्र पुस्तिका में दी गई इंटरनेट समझौते और डिजिटल नागरिकता के शैक्षिक उपयोग, निर्देश में प्रौद्योगिकी का उपयोग - AR 6162.7 / BP 6162.7, निर्देशात्मक सेवाएँ और संसाधन - BP 6162.1और इंटरनेट के शैक्षिक उपयोग का अनुप्रयोग – AR 6162.7 का पालन करेंगे।

दूरस्थ शिक्षा के लिए सेलुलर हॉटस्पॉट उधार देने की पावती

इंटरनेट तक पहुँच

EGUSD तकनीकी उपकरण मिलने के बाद, छात्रों को सभी EGUSD तकनीकी उपकरणों को बिजली से जोड़ना होगा। EGUSD द्वारा दिए गए तकनीकी उपकरण पर इंटरनेट चलाने के लिए घर के/सार्वजनिक/EGUSD सेल्यूलर हॉटस्पॉट वायरलेस नेटवर्क (आमतौर पर जिसे वाईफाई नेटवर्क कर नाम से जाना जाता है) से जोड़ना होगा। सभी EGUSD द्वारा जारी की गई क्रोमबुक को यह सुनिश्चित करने के लिए छात्र सामग्री फ़िल्टरिंग मिलेगी कि इंटरनेट तक छात्र की पहुंच एल्क ग्रोव यूनीफ़ाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट के मानकों के अनुकूल हो। क्रोमबुक इस तरह निर्मित की गई है, कि उसे इंटरनेट से जोड़ने की ज़रूरत होती ही है; घर पर नेटवर्क होना ज़रूरी है।

ऐसे घरों में जहां पहले से ही इंटरनेट नहीं है, हम आपको हमारे क्षेत्र में प्रदाताओं के साथ फॉलो-अप करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। कृपया डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर EGUSD के परिवारों के लिए इंटरनेट तक पहुँचने के संसाधन की समीक्षा करें। इंटरनेट प्रदाता का उपयोग करने का लाभ यह है कि घर में व्यक्तिगत उपकरणों की इंटरनेट तक पहुंच होगी। निजी डिवाइस EGUSD हॉटस्पॉट से कनेक्ट नहीं कर सकेंगे।

EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट

डिस्ट्रिक्ट उन छात्रों को सीमित सेल्युलर हॉटस्पॉट उपकरणों की पेशकश कर रहा है (प्रति घर के लिए एक) जिनके पास घर पर इंटरनेट तक पहुँच नहीं है। केवल EGUSD द्वारा जारी की गई Chromebook ही EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट से कनेक्ट कर सकेंगी। निजी डिवाइस EGUSD हॉटस्पॉट से कनेक्ट नहीं कर सकेंगे। एक EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट एक स्टैंड-अलोन डिवाइस है जो सेलुलर डेटा नेटवर्क का उपयोग करता है ताकि छात्र कहीं से भी इंटरनेट से कनेक्ट कर सकें जहां सेलुलर नेटवर्क उपलब्ध है। **इस डिवाइस को स्वीकार करके आप सुरक्षा सेटिंग्स के साथ छेड़छाड़ नहीं करने के लिए सहमत हो रहे हैं और इसे इस्तेमाल करने के तरीके के लिए जिम्मेदार हैं।**

- EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट का उपयोग करने से पहले, **सुनिश्चित करें कि बैटरी पूरी तरह से चार्ज है।** सेलुलर हॉटस्पॉट को पूरी तरह से चार्ज करने में सामान्य तौर पर 3-5 घंटे लगते हैं। नुकसान को रोकने के लिए, डिवाइस को केवल उसी माइक्रो USB चार्जर का उपयोग करते हुए चार्ज करें जो EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट के साथ आया था।

- डिवाइस को ज़्यादा गर्म होने या खराब होने से बचाने के लिए EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट को धूप में न छोड़ें।

- EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट को चालू करने के लिए, **एक तरफ दिए गए पावर बटन को 3 सेकंड तक दबा कर रखें।** जब हॉटस्पॉट पावर-अप क्रम पूरा हो जाता है, तो आपको डिस्प्ले पर **Welcome** शब्द दिखाई देगा।

- EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट चालू करने के बाद, आपकी EGUSD क्रोमबुक अपने-आप **EGUSD-Chrome** नेटवर्क से कनेक्ट हो जानी चाहिए। यदि आपकी Chromebook अपने-आप EGUSD-Chrome नेटवर्क से कनेक्ट **नहीं** होती है, तो हॉटस्पॉट से कनेक्ट करने के लिए आपको Chromebook को EGUSD-Chrome Wi-Fi नेटवर्क पर बदलना होगा। यदि आपको EGUSD-Chrome नेटवर्क का विकल्प दिखाई **नहीं** देता है, तो कृपया Chrome बुक का पॉवर चक्र पूरा करें *(बंद करके फिर से चालू करें)* और/या EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट को चार्ज करें।

- स्क्रीन के ऊपरी बाएं कोने में EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट पर, **पांच सिग्नल पट्टियां हैं** जो आपके नेटवर्क सिग्नल की ताकत को दर्शाएंगी। इंटरनेट कनेक्शन के लिए ऊपरी बाएँ हाथ के कोने में पट्टियां दिखाई देनी चाहिएं। **यदि सिग्नल की शक्ति कम है या कोई पट्टी दिखाई नहीं दे रही है, तो आपको हॉटस्पॉट को उस स्थान पर ले जाने की ज़रूरत होगी, जहां सिग्नल मज़बूत हो।**

  ध्यान दें: *एक कमरे से दूसरे कमरे में जाने या घर की एक तरफ से दूसरी तरफ जाने से बेहतर सेलुलर कनेक्शन मिल सकता है। ध्यान रखें कि ईंटें, दीवारों में धातु, अन्य वायरलेस उपकरण (बेबी मॉनिटर, गेराज का दरवाजा खोलने वाले उपकरण, आदि), रसोई के उपकरण (माइक्रोवेव, फ्रिज, आदि), और/या अन्य वाई-फाई नेटवर्क इंटरनेट कनेक्टिविटी में समस्याओं का कारण बन सकते हैं।*

- स्क्रीन के ऊपरी दाएं कोने में EGUSD सेल्युलर हॉटस्पॉट पर, बैटरी आइकन है। यदि सेलुलर हॉटस्पॉट बैटरी कम हो जाती है, तो बैटरी का आइकन टिमटिमाना शुरू कर देगा; डिवाइस को चार्ज करना सुनिश्चित करें। नुकसान होने और वारंटी के खत्म होने से बचने के लिए, डिवाइस को केवल उसी माइक्रो USB चार्जर का उपयोग करते हुए चार्ज करें जो EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट के साथ आया था। **वाई-फाई सिग्नल प्रदान करने के लिए EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट को चार्ज और चालू किया जाना ज़रूरी है।**

- अपने सभी क्लासवर्क को पूरा करने के बाद, सुनिश्चित करें कि EGUSD सेलुलर हॉटस्पॉट को **बंद** कर दें। **हॉटस्पॉट पावर बटन** को तब तक **दबा कर रखें** जब तक कि आपको स्क्रीन पर **Goodbye** दिखाई न दे, जिसके बाद डिवाइस बंद हो जाएगा।